Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 12 April 2024

Dainik Jagran Page - 02

परीक्षा छूटने पर गोवि हुआ सतर्क आज 7,415 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

अद्यतन समय सारिणी देखकर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : समय सारिणी में बदलाव हो जाने से वार्षिक परीक्षा के पहले दो दिन में ही सैकड़ों विद्यार्थियों की परीक्षा छूटने के बाद गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन सतर्क हो गया है। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार विद्यार्थियों से वेबसाइट देखते रहने की अपील कर रहे हैं। साथ ही चुनाव के चलते आगे भी समय व तिथि में बदलाव की संभावना जता रहे हैं। ईद की छुट्टी के कारण गुरुवार को परीक्षा नहीं हुई, ऐसे में अब शुक्रवार को परीक्षा का तीसरा दिन होगा।

तीसरे दिन की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध कालेजों के कुल 7,415 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें सुबह की पाली में 3,578 और शाम की पाली में 3,837 विद्यार्थी शामिल हैं। विश्वविद्यालय केंद्र पर सुबह की पाली में 2,676 और शाम की पाली में 2,431 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वेबसाइट पर चार अप्रैल को जारी संशोधित परीक्षा

अब परीक्षा छूटी तो फिर नहीं मिल सकेगा मौका

नौ अप्रैल को करीब 500 विद्यार्थियों की परीक्षा समय सारिणी में बदलाव के चलते छूटी तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे अपनी गलती मानते हुए 12 मई को फिर परीक्षा कराने का निर्णय लिया। 10 अप्रैल को भी 100 से अधिक विद्यार्थी पुरानी समय-सारिणी पर परीक्षा देने पहुंचे तो विश्वविद्यालय ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि अब परीक्षा छूटती है तो विद्यार्थियों की लापरवाही मानी जाएगी। उन्हें फिर मौका नहीं दिया जाएगा।

समय सारणी के अनुसार ही समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। इसके साथ ही सूचनाओं के लिए वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें और उसी पर भरोसा करें। किसी सूचना पर विश्वास न करें।

- आगे भी समय व तिथि में बदलाव होने की जताई संभावना
- सूचनाओं के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें विद्यार्थी

कई बार समय सारिणी में बदलाव से आई दिक्कत

विद्यार्थियों की परीक्षा छूटने की वजह सारिणी में कई बार बदलाव किया जाना रहा। 18 मार्च को समय सारिणी जारी की गई। दो अप्रैल को संशोधित समय सारिणी को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। तीसरी बार चार अप्रैल को समय सारिणी जारी हुई। इसमें पाली का समय बदलकर आठ से 11 बजे और एक से चार बजे तक कर दिया गया। साथ ही कुछ विषयों की परीक्षा को सुबह की पाली में कर दिया गया। सैकड़ों विद्यार्थी पहली बार जारी समय सारिणी के आधार पर परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचे और उनकी परीक्षा छूट गई।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में संगोष्ठी व ड्राइव कल

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में इरादा टेक फाउंडेशन की ओर से 13 अप्रैल को प्लेसमेंट ड्राइव एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कृषि संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार मिश्र ने बताया कि संगोष्ठी 'एग्रिप्रेनोशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं कृषि शिक्षा' विषय पर आयोजित होगी। एमएससी एजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होगा। (विज्ञप्ति)

राष्ट्र गौरव की परीक्षा के लिए 15 तक करें आवेदन

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण और छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्र गौरव की विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। पिछले वर्षों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट ddugu.ac.in पर आनलाइन परीक्षा फार्म भरना होगा। इसके अलावा ही परीक्षा फार्म की हार्ड कापी, शुल्क रसीद और नामिनल रोल की दो प्रतियों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल रखी गई है। (विज्ञप्ति)

Amar Ujala Page - 07

डीडीयू : तीसरे दिन 7415 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

समय-सारिणी को देखकर ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचें विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन कुल 7415 विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। दो दिन सैकड़ों विद्यार्थियों की परीक्षा छूटने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन उनसे वेबसाइट देखते रहने की अपील कर रहा है।

शुक्रवार को सुबह की पाली में करीब 3578 विद्यार्थी शामिल होंगे।

इसके साथ ही शाम की पाली में 3837 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। विश्वविद्यालय केंद्र पर सुबह की पाली में 2676 और शाम की पाली में 2431 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि वार्षिक परीक्षा में पंजीकृत सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चार अप्रैल को जारी संशोधित परीक्षा समय-सारिणी को ध्यान से देखकर समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

इसके साथ ही सूचनाओं के लिए वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें। किसी और विश्वविद्यालय केंद्र पर सुबह की पाली में 2676 तथा शाम की पाली में 2431 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

राष्ट्र गौरव की परीक्षा के लिए 15 तक भरें फॉर्म

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण और छूटे अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्र गौरव की विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। पिछले वर्षों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इन विद्यार्थियों को वेबसाइट ddugu.ac.in पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के साथ ही इंडियन बैंक में नेट बैंकिंग में माध्यम से 2500 रुपये शुल्क जमा करना होगा। संवाद

कृषि विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव और सेमिनार कल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में इरादा टेक फाउंडेशन की ओर से 13 अप्रैल को प्लेसमेंट ड्राइव एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार मिश्र ने बताया कि सेमिनार 'एग्रिप्रेनोशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं कृषि शिक्षा में रावे के महत्व' पर होगा। इसके बाद एमएससी कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा।

प्रो. शरद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कृषि क्षेत्र में व्यवसाय के लिए काम करने के विशिष्ट क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। आयोजन से न केवल प्रतिभागियों को लाभ होगा बल्कि कृषि समुदाय के समग्र शैक्षणिक व व्यक्तिगत विकास में भी योगदान मिलेगा।

Inext Page - 02, 03

राष्ट्र गौरव की परीक्षा के लिए 15 तक करें आवेदन

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (11 April): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण और छूटे अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्र गौरव की विशेष परीक्षा का आयोजन होगा. पिछले वर्षों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट ddugu.ac.in पर आनलाइन परीक्षा फार्म भरने के साथ ही इंडियन बैंक में नेट बैंकिंग में माध्यम से 2500 रुपये शुल्क जमा करना होगा. इसके अलावा ही परीक्षा फार्म की हार्ड कापी, शुल्क रसीद और नामिनल रोल की दो प्रतियों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल रखी गई है. विश्वविद्यालय के छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से खुद परीक्षा फार्म भरेंगे और परीक्षा फार्म एवं शुल्क रसीद संबंधित संकाय में जमा करेंगे. संबद्ध महाविद्यालय के आई छात्रों का फार्म संबद्ध महाविद्यालयों की लॉगिन से भरा जाएगा.

प्लेसमेंट ड्राइव कल

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में इरादा टेक फाउंडेशन की ओर से 13 अप्रैल को प्लेसमेंट ड्राइव एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा. कृषि संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार मिश्र ने बताया कि संगोष्ठी 'एग्रिप्रेनोशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं कृषि शिक्षा' विषय पर आयोजित होगी. इसी क्रम में एमएससी एजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होगा. इसी क्रम में कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कृषि क्षेत्र में व्यवसाय के लिए काम करने के विशिष्ट क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है. साथ ही स्वयं और कृषि समुदाय के लिए नए रोजगार का सृजन करना भी है.

गोरखपुर यूनिवर्सिटी में संगोष्ठी व प्लेसमेंट ड्राइव कल

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (11 April): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में इरादा टेक फाउंडेशन की ओर से 13 अप्रैल को प्लेसमेंट ड्राइव एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा. कृषि संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार मिश्र ने बताया कि संगोष्ठी 'एग्रिप्रेनोशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं कृषि शिक्षा' विषय पर आयोजित होगी. इसी क्रम में एमएससी एजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होगा. बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कृषि क्षेत्र में व्यवसाय के लिए काम करने के विशिष्ट क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है. साथ ही स्वयं और कृषि समुदाय के लिए नए रोजगार का सृजन करना भी है.

परीक्षा छूटने पर डीडीयूजीयू अलर्ट आज 7,415 स्टूडेंट्स देंगे एग्जाम

विश्वविद्यालय के आदेश समय सारिणी देखकर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (11 April): समय सारिणी में बदलाव हो जाने से वार्षिक परीक्षा के पहले दो दिन में ही सैकड़ों विद्यार्थियों की परीक्षा छूटने के बाद गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन सतर्क हो गया है. विश्वविद्यालय के जिम्मेदार विद्यार्थियों से वेबसाइट देखते रहने की अपील कर रहे हैं. साथ ही चुनाव के चलते आगे भी समय व तिथि में बदलाव की संभावना जता रहे हैं. ईद की छुट्टी के कारण गुरुवार को परीक्षा नहीं हुई, ऐसे में अब शुक्रवार को परीक्षा का तीसरा दिन होगा.

तीसरे दिन की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध कालेजों के कुल 7,415 विद्यार्थी पंजीकृत हैं. इनमें सुबह की पाली में 3,578 और शाम की पाली में 3,837 विद्यार्थी शामिल हैं. विश्वविद्यालय केंद्र पर सुबह की पाली में 2,676 और शाम की पाली में 2,431 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे. विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वेबसाइट पर चार अप्रैल को जारी संशोधित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार ही समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचें. इसके साथ ही सूचनाओं के लिए वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें और उसी पर भरोसा करें. किसी सूचना पर विश्वास न करें.

अब परीक्षा छूटी तो फिर नहीं मिलेगा मौका

पहले दिन तक 9 अप्रैल को करीब 500 विद्यार्थियों की परीक्षा समय सारिणी में बदलाव के चलते छूटी तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे अपनी गलती मानते हुए 12 मई को फिर परीक्षा कराने का निर्णय लिया. 10 अप्रैल को भी 100 से अधिक विद्यार्थी पुरानी समय-सारिणी पर परीक्षा देने पहुंचे तो विश्वविद्यालय ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि अब परीक्षा छूटती है तो विद्यार्थियों की लापरवाही मानी जाएगी. उन्हें फिर मौका नहीं दिया जाएगा. विश्वविद्यालय के अनुसार सभी विद्यार्थी वेबसाइट पर परीक्षा केंद्र देखते रहें. वेबसाइट पर ही परीक्षा सूची में बदलाव की सूचना दी गयी है. वेबसाइट पर ही परीक्षा सूची में बदलाव की सूचना दी गयी है. विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर ही परीक्षा सूची में बदलाव की सूचना दी गयी है. विश्वविद्यालय ने सभी विद्यार्थियों से वेबसाइट देखते रहने की अपील की है. विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर राजेश मिश्र ने बताया कि परीक्षा के पहले दो दिन में 100 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे. इन्हें वापस लौटाना पड़ा. इसके बाद विश्वविद्यालय ने सख्ती दिखाई. वह गलत बात दिया कि अब परीक्षा छूटती है तो वह लापरवाही मानी जाएगी. उन्हें फिर मौका नहीं दिया जाएगा. उन्हें इसकी जवाबदेही तो लेनी होगी.

कई बार समय सारिणी में बदलाव से आई दिक्कत

विद्यार्थियों की परीक्षा छूटने की वजह सारिणी में कई बार बदलाव किया जाना रहा. पहली पाली 18 मार्च को समय सारिणी जारी की गई. विश्वविद्यालय द्वारा समय सारिणी में कई बार बदलाव किया जाना रहा. सबसे पहले 18 मार्च को समय सारिणी जारी की गई. उसके बाद दो अप्रैल को परीक्षा कराईगई में बदलाव हुआ और संशोधित समय सारिणी को वेबसाइट पर अपलोड किया गया. तीसरी बार चार अप्रैल को समय सारिणी जारी हुई. इसमें पाली का समय बदलकर आठ से 11 बजे और एक से चार बजे तक कर दिया गया. तीसरी बार चार अप्रैल को समय सारिणी जारी हुई. इसमें पाली का समय बदलकर आठ से 11 बजे और एक से चार बजे तक कर दिया गया. साथ ही कुछ विषयों की परीक्षा को सुबह की पाली में कर दिया गया. सैकड़ों विद्यार्थी पहली बार जारी समय सारिणी के आधार पर परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचे और उनकी परीक्षा छूट गई.

7,415 विद्यार्थी पंजीकृत हैं. इनमें सुबह की पाली में 3,578 और शाम की पाली में 3,837 विद्यार्थी शामिल हैं.

11 मार्च और एक से चार बजे तक कर दिया गया. साथ ही कुछ विषयों की परीक्षा को सुबह की पाली में कर दिया गया. तीसरी विद्यार्थी इस बदलाव का लाभ नहीं गया बल्कि और पहली बार जारी समय सारिणी के आधार पर परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचे और उनकी परीक्षा छूट गई.

Amar Ujala Select Page - 03

राष्ट्र गौरव की परीक्षा के लिए 15 तक भरें फॉर्म

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण और छूटे अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्र गौरव की विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। पिछले वर्षों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट ddugu.ac.in पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के साथ ही इंडियन बैंक में नेट बैंकिंग में माध्यम से 2500 रुपये शुल्क जमा करना होगा। इसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। इसके साथ ही परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी, शुल्क रसीद और नामिनल रोल की दो प्रतियों के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल निर्धारित है। विश्वविद्यालय के छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से खुद परीक्षा फॉर्म भरेंगे और परीक्षा फॉर्म एवं शुल्क रसीद संबंधित संकाय में जमा करेंगे। संबद्ध महाविद्यालय के पात्र छात्रों का फॉर्म संबद्ध महाविद्यालयों की लॉगिन आईडी के माध्यम से भरा जाएगा।

Hindustan Page - 05

संशोधित सारिणी देखकर पहुंचें परीक्षार्थी

डीडीयू

- डीडीयू प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए जारी किया दिशा-निर्देश
- 04 अप्रैल को जारी संशोधित समय सारिणी से हो रही परीक्षा
- चुनाव के कारण भविष्य में भी तिथियों में हो सकता है बदलाव

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू तथा संबद्ध महाविद्यालयों में चल रही वार्षिक परीक्षाओं को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। परीक्षार्थियों से कहा गया है कि 4 अप्रैल को जारी की गई संशोधित समय सारिणी देखकर ही निर्धारित तिथि और समय पर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचें।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि वार्षिक परीक्षाओं के विद्यार्थी परीक्षा से सम्बंधित सूचनाओं के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें। सोशल मीडिया पर यदि कोई सूचना दिख रही है, तो वेबसाइट के नोटिस सेक्शन पर उसकी पुष्टि कर लें। लोकसभा चुनाव की वजह से भविष्य में परीक्षा के समय और तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

इसलिए अलर्ट मोड में है डीडीयू प्रशासन : दरअसल, डीडीयू में वार्षिक, प्राइवेट, बैक पेपर, अंक सुधार, एक विषय आदि की परीक्षाएं 9 अप्रैल से शुरू हुई हैं। इसके लिए पहली बार 18 मार्च को समय सारिणी जारी की गई थी। दूसरी बार 2 अप्रैल और तीसरी बार 4 अप्रैल को संशोधित समय सारिणी जारी की गई थी। तीसरे टाइम टेबल में परीक्षा की तिथि से लेकर टाइमिंग तक संशोधित हुई थी। जो परीक्षार्थी पहले ही समय सारिणी डाउनलोड कर चुके थे। वे दोपहर में परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। केंद्रों पर पहुंचने पर पता चल रहा है कि परीक्षा सुबह की पाली में ही हो गई। इससे दो दिनों में सैकड़ों छात्रों की परीक्षाएं छूट गई हैं।

आज 7415 परीक्षार्थी होंगे शामिल

वार्षिक परीक्षाओं के तीसरे दिन शुक्रवार को कुल 7415 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सुबह की पाली (8 से 11 बजे) में कुल 3,578 और दोपहर की पाली (1 से 4 बजे) में 3,837 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। डीडीयू केंद्र पर सुबह की पाली में 2676 तथा शाम की पाली में 2431 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव व सेमिनार कल

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में इरादा टेक फाउंडेशन द्वारा 13 अप्रैल को प्लेसमेंट ड्राइव एवं सेमिनार का आयोजन किया गया है।

डीडीयू के कृषि संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार मिश्र ने बताया कि सेमिनार 'एग्रिप्रेनोशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं कृषि शिक्षा में रावे के महत्व' पर होगा। इसके बाद एमएससी एजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव होगा।

प्रो. शरद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कृषि क्षेत्र में व्यवसाय के लिए काम करने के विशिष्ट क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही स्वयं और कृषि समुदाय के लिए नए रोजगार का सृजन करना भी है। इस तरह के आयोजन से न केवल प्रतिभागियों को लाभ होगा बल्कि कृषि समुदाय के समग्र शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में भी योगदान मिलेगा।

राष्ट्र गौरव की परीक्षा के लिए 15 तक भरें फॉर्म

गोरखपुर। डीडीयू और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण या छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। पिछले वर्षों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

Swatantra Chetna Page - 02,03

आज वार्षिक परीक्षा में 7415 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

4 अप्रैल को जारी संशोधित परीक्षा समय-सारणी के अनुसार होगी परीक्षा

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालयों में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा के तीसरे दिन कुल 7415 विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। सुबह 8 बजे से 11 बजे की पाली में करीब 3578 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही शाम 1 बजे से 4 बजे की पाली में 3837 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

विश्वविद्यालय केंद्र पर सुबह की पाली में 2676 तथा शाम की पाली में 2431 विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए पंजीकृत हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि वार्षिक परीक्षा में पंजीकृत सभी विद्यार्थी, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 4 अप्रैल को जारी संशोधित परीक्षा समय-सारणी को ध्यानपूर्वक देख कर समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचें।

विद्यार्थी सूचनाओं के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें

विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है की सूचनाओं के लिए वो नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें। किसी और सूचना पर विश्वास ना करें। चुनाव की वजह से भविष्य में परीक्षा के समय तथा तिथि में बदलाव हो सकता है इसलिए विद्यार्थी नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें।

गोविवि के कृषि संस्थान मे प्लेसमेंट ड्राइव तथा सेमिनार कल

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में इरादा टेक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को सेमिनार तथा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो शरद कुमार मिश्र ने बताया की सेमिनार का मुख्य विषय अग्रिप्रेनोशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम तथा कृषि शिक्षा में रावे के महत्व पर केंद्रित है।

सेमिनार के बाद इरादा टेक फाउंडेशन के द्वारा एमएससी एजी फाइनल ईयर के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का भी आयोजन किया जाना है।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कृषि क्षेत्र में व्यवसाय के लिए काम करने के विशिष्ट क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है, साथ ही स्वयं और कृषि समुदाय के लिए नये रोजगार का सृजन करना भी है।